भाई-बहन का पवित्र पर्व रक्षाबंधन (19 अगस्त) पर समस्त जनों को हार्दिक बधाई...

दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष -15, अंक - 19
सावन शुक्ल पक्ष द्वादश, विक्रम संवत् 2081, कोरबा, दिनांक 16 से 22 अगस्त 2024
पृष्ठ-8, मूल्य -रू.3.00

सुविचार

रिश्तों को मजबूत करने से ही परिवार में खुशहाली और समृद्धि आती है।

बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत

रायपुर, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से 2 अलग-अलग शहरों में 5 लोगों की मौत हो गई। जशपुर के सन्ना में पति-पत्नी समेत 3 लोगों की जान गई। वहीं रायगढ़ में 14 साल की बच्ची और 50 साल की महिला ने दम तोड़ा है। प्रदेश में 6 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा, जशपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर और कोरबा के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं रायपुर, दुर्ग के कई इलाकों में रविवार सुबह से बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में अगले 2 दिनों तक सरगुजा और बिलासपुर संभाग के जिलों में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। वहीं बाकी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने हो सकती है। 21 अगस्त तक अभी ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। जशपुर में खेत में रोपा लगाने गए पति-पत्नी पर बिजली गिरी है। तहसीलदार के अनुसार, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

सुकमा में नक्सलियों का बारूद और हथियार बरामद

जगदलपुर, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस ने नक्सलियों का डंप किया सामान बरामद किया है। इसमें भारी मात्रा में बारूद, हथियार समेत अन्य सामान हैं। सर्चिंग के दौरान जवान, माओवादियों के 2 अलग-अलग ठिकानों में घुसे और नक्सलियों का सारा सामान बरामद कर लिया । मामला भेज्जी और किस्टाराम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि किस्टाराम के मेटागुड़ा और भेज्जी के बिराभट्टी इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर सुकमा से जवानों को रवाना किया गया था। जवान जब इसी इलाके के जंगल में पहुंचे तो यहां नक्सली मौजूद थे। जवानों के आने की खबर मिलते ही नक्सली भाग निकले। नक्सलियों ने अपने सामान को उसी ठिकानें में छिपा दिया था। जिसके बाद वे घने जंगल का सहारा लेकर वहां से भाग गए। जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया और झाड़ियां में नक्सलियों के डंप सामान को बरामद किया। जिसमें दो हथियार, जिलेटिन वायर, बुलेट, प्रिंटर, नक्सल साहित्य, वर्दी समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामान बरामद किया गया है।

कोरबा कलेक्टर बंगले में निकला सांप, रेस्क्यु



कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत के बंगले में विशालकाय सांप निकला। आरसीआरएस संस्था ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया है।

विनेश फोगाट ने संन्यास वापसी के संकेत दिए:बोलीं- रेसलिंग छोड़ने पर अभी कुछ नहीं कह सकती

चरखी दादरी, एजेंसी।

विनेश फोगाट ने रेसलिंग से संन्यास वापसी के संकेत दिए हैं। पैतृक गांव बलाली पहुंचने पर विनेश ने संन्यास के सवाल पर कहा- जिस रेसलिंग को मैं छोड़ना चाहती थी या छोड़ दिया है, मैं इस पर कुछ नहीं कह सकती। आज के प्यार से मुझे बहुत हिम्मत मिली है।

पेरिस ओलिंपिक में 100 ग्राम बढ़े वजन से पेरिस ओलिंपिक के फाइनल मुकाबले से डिसक्वालिफाई होने के बाद विनेश ने संन्यास का ऐलान किया था। विनेश ने मेडल न ला पाने पर कहा- ओलिंपिक मेडल का बहुत गहरा घाव है। मुझे लगता है कि इससे उबरने में बहुत टाइम लगता है, मगर लोगों के प्यार से घाव भरने में हिम्मत मिलेगी।

विनेश पेरिस से कल (शनिवार) देश वापस लौटीं। सुबह 11 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से उनका काफिला 13 घंटे में उनके पैतृक गांव बलाली (चरखी दादरी जिला) पहुंचा। विनेश के काफिले ने 125 किमी की दूरी तय की। किसी भी व्यक्ति का यह देश में सबसे लंबा रोड शो है। इसके रास्ते में 100 जगह विनेश का स्वागत किया गया।

पैतृक गांव पहुंचने के बाद विनेश का गांव के स्टेडियम में सम्मान किया गया। हालांकि मंच पर पहुंचते ही विनेश की तबीयत बिगड़ गई। जिस पर विनेश ने कुर्सी पर बैठकर ही लोगों से बात की। रविवार सुबह भी तबीयत बिगड़ने की वजह से उन्होंने मीडिया से बात नहीं की।

अमित शाह ने CAA के लिए सरकार का संकल्प दोहराया

गुजरात में 188 पाकिस्तानी हिंदुओं को मिली भारतीय नागरिकता

अहमदाबाद, एजेंसी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में 188 पाकिस्तानी हिंदुओं को नए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता प्रदान की, जो गुजरात में नागरिकता प्रदान किए जाने का पहला उदाहरण है। यह क्षण पाकिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न से बचने के बाद भारत में शरण लेने वाले लोगों के लिए एक बड़ी राहत के रूप में आया। इस अवसर पर बोलते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार पड़ोसी देशों के हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख सहित उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करने के लिए दृढ़ है। उन्होंने कांग्रेस नीत भारत ब्लॉक की तुष्टिकरण की राजनीति की भी आलोचना की। अमित शाह ने कहा, मैं इन परिवारों को बधाई देता हूं जिन्हें नागरिकता मिली है। मुझे और भी खुशी है कि यह गुजरात में हो रहा है। सीएए लोगों को उनके अधिकार और न्याय दिलाने की पहल है। कांग्रेस पार्टी ने 2014 तक लोगों को उनके अधिकार कभी नहीं दिए।

कोलकाता रेप-मर्डर केस, सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लिया:20 अगस्त को सीजेआई की बेंच में सुनवाई, सीबीआई ने घटनास्थल की 3डी मैपिंग की

कोलकाता, एजेंसी।

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने रविवार (18 अगस्त) को खुद नोटिस लिया। 20 अगस्त को सुबह 10.30 बजे चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस जेबी पादरीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा रहेंगे। सीबीआई टीम ने रविवार राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की 3डी लेजर मैपिंग की है। वहीं, कोलकाता की घटना के विरोध में देशभर में डॉक्टरों के प्रोटेस्ट का आज 9वां दिन है। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने बताया कि आरोपी संजय का साइकोलॉजिकल टेस्ट किया गया। सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (CFSL) से मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विश्लेषकों की 5 मेंबर्स की टीम यह टेस्ट कर रही है। इससे पता चल सकता है कि जघन्य अपराध को लेकर आरोपी संजय की क्या मानसिकता थी। दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप के बाद हत्या की गई थी। 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में हिंसा हुई, जिसके बाद डॉक्टरों ने प्रदर्शन तेज किया।

रायपुर जेल में देवेंद्र समर्थकों-पुलिस में झड़प, निकली बंदूक

बलौदाबाजार हिंसा में विधायक देवेन्द्र यादव को जेल: भूपेश बोले-ऐसा काम न करें, नजरें मिलाने में दिक्कत हो

भिलाई, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार विधायक देवेंद्र यादव को 3 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने शनिवार को भिलाई स्थित निवास से कांग्रेस विधायक को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के विरोध में 21 अगस्त को कांग्रेस बड़ा प्रदर्शन करेगी।

भूपेश बघेल ने कहा- पुलिस से कहना चाहता हूं कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन ऐसा कोई काम ना करो, जिससे आपको नजरें मिलाने में दिक्कत हो। वहीं सीएम विष्णु देव साय ने कहा है कि यह कोई राजनीतिक षड्यंत्र नहीं है। पुलिस ने सोच-समझ के कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि, विधायक देवेंद्र यादव छोटा-मोटा आदमी नहीं है।

21 को हल्ला बोल, 20 को विधायक दल की बैठक

देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस 21 अगस्त को बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। इससे पहले 20 अगस्त को नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने विधायक दल की बैठक बुलाई है। बैठक सुबह 10.30 बजे विधानसभा में होगी। इसमें सभी कांग्रेस विधायकों को शामिल होने के लिए कहा गया है।

जेल में बवाल: प्रहरी ने तानी बंदूक

देर रात पुलिस कांग्रेस विधायक देवेंद्र को रायपुर सेंट्रल जेल लेकर पहुंची। विधायक संविधान की कॉपी भी हाथ में पकड़े हुए थे और उसे दिखाते रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। पुलिस और समर्थकों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ता कैंपस में घुस गए। हालात बिगड़ते देख जेल प्रहरी ने कार्यकर्ताओं पर बंदूक तान दी।

देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि सतनामी समाज को न्याय दिलवाने में नाकाम साबित हुई राज्य की भाजपा सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है।

भूपेश बोले- गृहमंत्री के इशारे पर कार्रवाई

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि देवेंद्र यादव पर जितनी धाराएं लगाई गई हैं, पुलिस को एक साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए। गृहमंत्री कहते हैं पूछताछ कर रहे हैं, लेकिन विधायक जेल में है। मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के निर्देश से कार्रवाई हो रही है।

टीएस सिंहदेव बोले- नगरनार प्लांट के निजीकरण की साजिश

एनएमडीसी की पैरेंट बॉडी से किया डि-लिंक

रायपुर/सरगुजा, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि, नगरनार प्लांट को एनएमडीसी की पैरेंट बॉडी से डि-लिंक कर दिया गया है। ऐसे में अब ये प्राइवेट सेक्टर में जा सकता है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने मिल कर छत्तीसगढ़ के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। सिंहदेव के एनएमडीसी प्लांट को प्राइवेट हाथों में बेचे जाने को लेकर प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने मीडिया से कहा कि सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। ऐसी कोई बात नहीं है। पता नहीं सिंहदेव ने ऐसा बयान क्यों दिया है।

पीछे के रास्ते से निजी क्षेत्र में दिया जा रहा

सिंहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ की जनता और बस्तर के आदिवासियों के साथ बड़ा धोखा कर रही है। पहले नौकरी के लिए आश्वासन दिया गया था। अब इसे पीछे के रास्ते से निजी क्षेत्र में दिया जा रहा है। ये रवैया सरकार का गलत है।

मंत्री लखनलाल बोले- ऐसा कोई फैसला नहीं लिया

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सिंहदेव के आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है।

3 अक्टूबर 2023 को पीएम मोदी ने स्टील प्लांट का उद्घाटन किया। वादा किया था कि नगरनार स्टील प्लांट बस्तर के लोगों की संपत्ति है। उनके पास ही रहेगा। 19 अक्टूबर 2023 को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भी निजीकरण नहीं करने की बात कही थी।

सिंहदेव ने वीडियो जारी कर कहा कि नगरनार स्टील प्लांट को एनएमडीसी ने बनाया है। सेमी सेंट्रल गवर्नमेंट की स्कीम के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन अधिग्रहण कर स्टील प्लांट लगाने के लिए दिया। अब इसे डि-लिंक कर दिया गया है, 2 महीने के अंदर प्राइवेट सेक्टर में जा सकता है।

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बना था मुद्दा

नगरनार प्लांट के निजीकरण का मुद्दा 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में जोर-शोर से उठा था। जहां राज्य और केंद्र के बीजेपी नेताओं ने कहा था कि, प्लांट को बेचने की प्रक्रिया नहीं की जाएगी। वहीं कांग्रेस बार-बार आरोप लगाते रही कि, इसे बीजेपी बेचना चाहती है। कांग्रेस के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कई मौकों पर निजीकरण पर आपत्ति जताते हुए प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा था। 21 फरवरी 2021 को प्रधानमंत्री के साथ नीति आयोग की बैठक में राज्य सरकार को प्लांट के संचालन की जिम्मेदारी लेने की पेशकश भी की थी।

क्यों हो रही है चर्चा

केंद्र सरकार ने नगरनार स्टील प्लांट को पैरेंट कंपनी एनएमडीसी से डि-मर्जर कर दिया गया है। इसकी प्रक्रिया 2020 में शुरू हुई थी, जिसका विरोध भी किया गया था। नगरनार स्टील प्लांट स्वतंत्र इकाई के रूप में काम कर रहा है। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि नगरनार स्टील प्लांट का निजीकरण हो सकता है।

AUGUST
19
जीवेत् शरदः शतम्
भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेशमंत्री
आदरणीय
श्री विकास महतो जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
-: शुभेच्छु :-
समस्त मित्रमंडली छत्तीसगढ़

स्टेडियम रोड
ट्रांसपोर्ट नगर चौक
मुड़ापार रोड
पतंजलि
बैद्यनाथ
Dabur
ZANDU
Roop Kanchan
Want to lighten your skin tone

रयूमीकैप (RHEUMICAP)

रयूमीकैप वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिग्रह, गृध्रसी में अचूक औषधि है, रयूमीकैप कुचला, इन्द्रायान, मूल गुड़ूची, रसौंत, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अमलताश आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रधान कार्य वातवाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।

Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900

आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श

गठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरिया मर्दो व औरतों के गुप्त रोगों के निराश रोगी ईलाज के लिए मिलें।

डॉ. वाय. भारद्वाज (एम.डी.) (एन.एम.)

शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध

सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...

शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक

शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

LIC है तो कहीं और क्यों जाएं...

एलआईसी कराएं... परिवार में सुख-समृद्धि पा

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

आज ही बीमा कराएं अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित एवं बेहतर बनाएं

नई योजनाओं की जानकारी आज ही लें।

सालिक राजवाड़े (बीमा अभिकर

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनिल कुमार
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत नवागढ़
जिला जांजगीर चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

15
TH
AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
उप संचालक
कृषि विभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
सूर्यकांत-प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति भैंसतरा
जिला जांजगीर चाम्पा

15
TH
AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रतिराम पंत - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति खैजा
जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
गजेंद्र पटेल - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति अफरीद
जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
वनपरिक्षेत्र अधिकारी बलौदा
वन मण्डल चाम्पा
जिला जांजगीर चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रम पदाधिकारी
जिला श्रम कार्यालय जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
संतोष साहू - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति लोहर्षि
जिला जांजगीर चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
उमाशंकर चंद्रा - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति लखाली
जिला जांजगीर चाम्पा

15
TH
AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
बाबूलाल मन्नेवार - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति दारंग
जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
नरेन्द्र सिंह - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति बिर्रा
जिला जांजगीर चाम्पा

15
TH
AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रदीप दुबे - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति अकलतरी
जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
रामकुमार पटेल - प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति तालदेवरी
जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
भागवत साहू - प्रंबधक
सेवा सहकारी समिति पिसौद
जिला जांजगीर चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
लखन पटेल - प्रंबधक
सेवा सहकारी समिति बम्हनीडीह
जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रथलाल डक्सेना - प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति करनौद
जिला जांजगीर चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग जांजगीर
मुख्यालय चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा

15
TH
AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी
हसदेव नहर जल प्रबंध
उपसंभाग क्र.07 नरियरा
जिला जांजगीर चाम्पा

15
TH
AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
एस डी ओ
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी
हसदेव नहर जल प्रबंध
उप संभाग क्र. 2 नवागढ़ जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
एस डी ओ
ग्रामीण यांत्रिकी विभाग बलौदा
जिला जांजगीर चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...
एस डी ओ
ग्रामीण यांत्रिकी विभाग बम्हनीडीह
जिला जांजगीर चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों में भी दिखा देशभक्ति का जज्बा

गर्व का महापर्व स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर जन-जन का अभिनंदन एवं राष्ट्र को नमन्

दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

सावन शुक्ल पक्ष द्वादश, विक्रम संवत् 2081, कोरबा, दिनांक 16 से 22 अगस्त 2024

सुविचार

दूसरों के लिए अच्छा सोचने पर आपके जीवन में भी अच्छा ही अच्छा होगा।

पूर्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल ने दी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

कोरबा (दिव्य आकाश)।

छत्तीसगढ़ के पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा सहित प्रदेशवासियों को रक्षा बंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन का पवित्र पर्व प्रेम और विश्वास का वह अटूट धागा है, जो बहनों को भाइयों से जोड़ता है। रक्षाबंधन के दिन बहन अपने अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर अपने भाई के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की मंगल कामना करती है।

पूर्व महापौर रेणु ने गांधी चौक में किया ध्वजारोहण

कोरबा (दिव्य आकाश)।

जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी गांधी चौक कोरबा में 15 अगस्त के अवसर पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी की 77वीं वर्षगांठ पर मैं कोरबावासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाए देती हूँ। आजादी का यह पर्व हमें याद दिलाता है अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के बलिदान, देश प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की, जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर, जेलयातना सह कर स्वतंत्र भारत का लक्ष्य हासिल किया है। उन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को स्मरण करते है और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते है। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद सभापति श्यामसुंदर सोनी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, सुरेन्द्र लांबा, इंटक अध्यक्ष विकास सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष राठौर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कसुम द्विवेदी, पार्षद दिनेश सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। यहां ध्वजारोहण करने के बाद श्रीमती रेणु अग्रवाल पुराना बस स्टैंड में ऑटोसंघ द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हुए और मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया।

ग्राम रलिया में डॉ. महंत हाथी प्रभावितों से मिले

कोरबा (दिव्य आकाश)।

कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम रलिया में विगत दिनों हाथी के हमले से गायत्री देवी राठौर की मृत्यु हो गई थी, ग्राम रलिया के व्यवसायी रामचरण राठौर की भाभी एवं अमित राठौर की माता व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थीं। मृतक के परिवार से दु:ख की घड़ी में शोक व्यक्त करने उनके निवास पर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उनके साथ पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक कटघोरा पुरुषोत्तम कंवर एवं महिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रभा सिंह तंवर भी साथ रहे और हाथी प्रभावित मृतक के परिवार से भेंट कर दु:ख व्यक्त कर ढांढस बंधाया।

जिला पंचायत में स्वतंत्रता दिवस: अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर ने किया ध्वजारोहण

कोरबा (दिव्य आकाश)।

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर ने जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों - कर्मचारियों की उपस्थिति में जिला पंचायत परिसर में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि आजादी हमें वीरों के बलिदान से मिली है। हम सभी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। सभी को आपसी सौहार्द्र और सद्भाव के साथ रहना चाहिए। हम सभी सरकार की मंशानुसार विकास कार्यों को गति देकर जिले का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने स्वतंत्रता का महत्व बताते हुए कहा कि हम सभी अपने पद के दायित्वों एवं कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। सभी अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी से समय पर अपने कार्य संपादित करें तथा शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाएं। इस अवसर पर छत्रपाल सिंह कंवर, उप संचालक पंचायत सुश्री जूली तिर्की, सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती अमिता साहू, स्टेनो राजेंद्र वैष्णव, जनक पाटले, भगवती पाटले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कोरबा में शान से लहराया तिरंगा, लखन ने किया ध्वजारोहण

कोरबा (दिव्य आकाश)। कोरबा के मुख्य समारोह में श्रममंत्री लखनलाल देवांगन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी उपस्थित थे। परेड प्रोफेशनल में प्रथम पुरस्कार सीआईएसएफ, द्वितीय पुरस्कार छत्तीसगढ़ नगर सेना पुरूष, तृतीय पुरस्कार छत्तीसगढ़ नगर सेना महिला तथा सांत्वना पुरस्कार छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल तथा जिला पुलिस बल को दिया गया। परेड नान प्रोफेशनल जुनियर वर्ग में प्रथम स्थान एन.सी.सी. जूनियर डिविजन, द्वितीय एन.सी.सी. जुनियर विंग, तृतीय गाइड दल ने हासिल किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में ब्लू वर्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसाबाड़ी, द्वितीय स्थान सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामढ़ी, तृतीय स्थान निर्मला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसाबाड़ी ने प्राप्त किया। शासकीय कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिसमें कार्यालय कलेक्टर, कार्यालय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, अनुपम तिवारी, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मार्कफेड के इंस्पेक्टर अमित सिन्हा की अवैध वसूली से राईस मिलर्स परेशान

राशि नहीं देने पर लॉट हो रहे रिजेक्ट

कोरबा (दिव्य आकाश)।

इन दिनों धान मिलिंग अंतिम चरणों में है, लेकिन मार्कफेड के इंस्पेक्टर की अवैध वसूली से राईस मिलर्स परेशान हो गए हैं और मुख्यमंत्री, खाद्यमंत्री, एसीबी एवं ईओडब्ल्यु से जिले के एक मात्र इस इंस्पेक्टर की शिकायत करने का मन राईस मिलर्स ने बना लिया है।

नाम ना छापने की शर्त पर कुछ राईस मिलर्स ने बताया कि जिले में एक मात्र मार्कफेड इंस्पेक्टर अमित सिन्हा द्वारा जिले भर के राईस मिलर्स से अवैध वसूली की जा रही है। एक मिलर ने बताया कि प्रति लॉट 2000 की अवैध वसूली सिन्हा द्वारा की जा रही है और ना देने पर लॉट को रिजेक्ट कर दिया जा रहा है।

एक राईस मिलर ने बताया कि कभी ब्रोकन (कनकी) अधिक होने के नाम पर परेशान किया जा रहा है तो कभी नमी (मोस्चराईज)के नाम पर सिन्हा द्वारा लॉट को रिजेक्ट कर दिया जा रहा है। मिलर ने बताया 15 से 20 प्रतिशत ब्रोकन के नियम एवं शर्तों का पालन किया जाता है, फिर भी अधिक कनकी के नाम से लॉट को इंस्पेक्टर सिन्हा द्वारा रिजेक्ट कर दिया जाता है, साथ ही नमी के नाम पर भी राईस मिलर्स को परेशान किया जा रहा है।

इंस्पेक्टर सिन्हा की कार्यशैली से धान उठाव प्रभावित

शासन एवं प्रशासन द्वारा सभी राईस मिलर्स को निर्देशित किया गया है कि नियत तिथि पर धान की पहुंच नॉन के गोदाम तक होनी चाहिए और इसके लिए राईस मिलर्स प्रतिबद्ध हैं, लेकिन इंस्पेक्टर सिन्हा की कार्यशैली से राईस मिलर्स को कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण राईस मिलों से धान का उठाव और गंतव्य तक धान की पहुंच नहीं हो पा रही है।

कभी धान के रंग को लेकर तो कभी नमी को लेकर राईस मिलर्स हो रहे परेशान

जो राईस मिलर प्रतिलॉट 2000 इंस्पेक्टर सिन्हा को नहीं दे रहे हैं, उन्हें भारी परेशान किया जा रहा है। कभी धान के रंग को लेकर तो कभी नमी को लेकर इंस्पेक्टर सिन्हा धान को रिजेक्ट कर रहे हैं और जो घूस नहीं दे रहे हैं, उन्हें धान के रंग और नमी के नाम पर परेशान किया जा रहा है।

अमित सिन्हा से नहीं हो पाया संपर्क

राईस मिलर द्वारा लगाए गए आरोप के संबंध में प्रतिक्रिया जानने मार्कफेड के इंस्पेक्टर अमित सिन्हा से कई बार उनके मोबाईल नंबर 7898858838 में कॉल की गई लेकिन बार-बार बिजी होने के कारण उनकी प्रतिक्रिया नहीं मिल पायी। उन्होंने कॉल बेक भी नहीं किया।

कांग्रेस शासनकाल की कार्यशैली नहीं सुधरी

एक राईस मिलर ने बताया कि तात्कालीन कांग्रेस के शासनकाल में लूटखसोट की जो कार्यशैली चल पड़ी थी, उसी के हिसाब से ही आज भी मार्कफेड में भर्राशाही चल रही है। मार्कफेड प्रबंधक पांडेय की पदस्थापना के बाद भी इंस्पेक्टर की कार्यशैली जस की तस बनी हुई है। बताया जा रहा है कि यहां पूर्व में पदस्थ अमित सिन्हा का स्थानांतरण हो चुका था, लेकिन ऊंची पहुंच के कारण विष्णु के सुशासन में भी इस इंस्पेक्टर का जलवा देखने को मिल रहा है। राईस मिलर्स ने प्रतिनिधि से चर्चा में बताया कि यदि इनकी कार्यशैली नहीं सुधरी तो मुख्यमंत्री, विभागीमंत्री दयालदास बघेल, एसीबी और ईओडब्ल्यु से भी शिकायत की जाएगी।

तीन का सेटअप, राज कर रहे एक इंस्पेक्टर

मार्कफेड में जिले में तीन इंस्पेक्टर का सेटअप है, लेकिन एक ही इंस्पेक्टर पूरे जिले में राज कर रहे हैं। उनकी कार्यशैली से कटघोरा, पाली एवं छुरीकला के राईस मिलर्स परेशान हैं।

मोबाईल पर कुछ नहीं बता पाऊंगा-प्रशांत अग्रवाल

मार्कफेड इंस्पेक्टर अमित सिन्हा की कार्यशैली को लेकर कटघोरा राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल से बात करने पर उन्होंने कहा कि मोबाईल पर कुछ नहीं बता पाऊंगा।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
वन विकास निगम
कोरबा, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Independence Day
15TH AUGUST
पर्यावरण संरक्षण विभाग
कोरबा, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
HAPPY INDEPENDENCE DAY
लोक निर्माण विभाग
कोरबा, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती लता मुकेश कंवर
अध्यक्ष
गोविंद सिंह कंवर
उपाध्यक्ष
यशपाल सिंह-मुख्य कार्यपालन अधिकारी
समस्त सदस्यगण
जनपद पंचायत कटघोरा, जिला-कोरबा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
15th AUGUST HAPPY INDEPENDENCE DAY
श्रीमती संतोषी पेन्द्रो
अध्यक्ष
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
श्रीमती रामप्यारी जाखड़
अध्यक्ष
सदस्यगण : श्रीमती दुलारी बाई, राम लाल पावले, संतराम श्याम, श्रीमती अंजू देवी पुलस्त, मदन सिंह, कोमल कुमार तंवर, शिवभरोष लकड़ा, दीपक कुमार उदय, श्रीमती गीता मार्को, श्रीमती पूजा मराबी, प्रताप सिंह मराबी, श्रीमती संगीता पुलस्त, श्रीमती सरिता पोया, रविन्द्र प्रताप तंवर, श्रीमती फुलेश्वरी महंत, श्रीमती अनिता यादव, प्रदीप जायसवाल, श्रीमती मथुरा, विजय दुबे, गनेश्वर पुरी भोला, श्रीमती किरण मरकाम श्रीमती देवनंदनी मंझवार, बजरंग सिंह पैकस।
जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती दुलेश्वरी सिदार
अध्यक्ष
भूपेन्द्र सोनवानी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नवीन कुमार सिंह
उपाध्यक्ष
जनपद सदस्यगण - ज्योति देवीसिंह टेकाम, अनिल टंडन, भवानी राजेश राठौर, अंजू श्यामा पाण्डेय, संतोषी अशोक पाटले, चंद्रपाल जी, जमुना देवी, उत्तम पटेल, मुकेश जायसवाल, राजनंदनी, सुकृता , सुधराम अगरिया, राजकुमार कंवर, योगलक्ष्मी, अनिल कुमार, नारायण सिंह, अमिता महेन्द्र पैकरा, सुरजा बाई, लक्ष्मीन राजपूत, शशिकला सुखसागर महंत, विनोद कुमार, चंद्रभान सिंह जगत, दिलेश्वरी दिलीप कंवर, निलेश यादव, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण
जनपद पंचायत पाली
जिला-कोरबा (छ.ग.)

समस्त जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती छतबाई कंवर
सरपंच
जय हिन्द!
जय तिरंगा !!
सचिव
शुक्रवार सिंह कंवर
सरपंच पति
उपसरपंच, समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
ग्राम पंचायत नवापारा
जनपद पंचायत करतला, जिला-कोरबा

सुविचार

जीवन में दुख इसलिए आते हैं क्योंकि हम सुख का महत्व समझ सकें...।

सरोकार

26/11 संसद हमले का खुलेगा राज!

26/11 का संसद हमले का आतंकी तहव्वुर राणा भारत लाया जा सकता है। अमेरिकी कोर्ट ने प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील खारिज कर दी है। राणा पर मुंबई हमले की फंडिंग का आरोप है।

26 नवंबर 2008 के मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ उसकी अपील को अमेरिकी अदालत ने खारिज कर दिया है। अमेरिकी अदालत ने 15 अगस्त को अपने फैसले में कहा कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है।

पाकिस्तानी मूल के कनाडाई बिजनेसमैन राणा ने नाइंथ सर्किट कोर्ट में पिछले साल एक याचिका दायर की थी। उसने गुहार लगाई थी कि सुनवाई तक उसे भारत को न सौंपा जाए। मई 2023 में भी एक अमेरिकी अदालत ने राणा की तरफ से दायर याचिका को खारिज कर दिया था। संसद हमले का भी राज खुल सकता है।

संपादक

रक्षाबंधन पर रहेगा भद्रा का साया जानें राखी बांधने का समय

राखी का पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, और उसकी लंबी उम्र, तरक्की और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। वहीं भाई इस दौरान अपनी बहन को जीवन भर रक्षा का वचन देता है। साथ ही अपनी श्रद्धा अनुसार कोई उपहार भेंट करता है। हिंदू धर्म में रक्षाबंधन के त्योहार को रिश्तों में विश्वास और प्रेम बढ़ाने वाला माना जाता है। वर्तमान में न केवल सगे बहन भाई, बल्कि रिश्तेदारों के साथ मिलकर भी इसे मनाया जाता है। इस साल राखी 19 अगस्त को है। इस दिन सावन माह का अंतिम सोमवार और पूर्णिमा भी हैं। साथ ही शोभन योग, रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि जैसे शुभ योग का निर्माण हो रहा है। हालांकि इस दिन भद्रा का साया भी रहने वाला है, और इस काल में राखी बांधने से अशुभ परिणामों की प्राप्ति हो सकती हैं। ऐसे में आइए भद्रा और राखी के शुभ मुहूर्त के बारे में जान लेते हैं।

भद्राकाल
भद्राकाल – पूर्णिमा तिथि के प्रारंभ के साथ भद्रा की शुरुआत
भद्राकाल की समाप्ति – 19 अगस्त 2024 को दोपहर 1.30 पर
भद्रा मुख – 19 अगस्त को प्रात: 10.53 से दोपहर 12.37 तक
भद्रा पूंछ – 19 अगस्त को प्रात: 09.51 से प्रात: 10.53 तक

राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

इस साल राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर से शुरू होगा। ये समय 19 अगस्त के दिन दोपहर 01.30 से रात्रि 09.07 तक रहेगा। कुल मिलाकर शुभ मुहूर्त 07 घंटे 37 मिनट का रहेगा।

राखी शुभ मुहूर्त आरंभ – दोपहर 01.30 के बाद
शुभ मुहूर्त समापन– रात 09.07 तक

राखी बांधने की सही विधि

भाई को राखी बांधने से पहले आप शुभ मुहूर्त के अनुसार थाली तैयार कर लें। थाली में राखी, अक्षत और मिठाई आदि सब रख लें। फिर भाई को तिलक लगाएं। इसके बाद अपने भाई के दाहिने कलाई पर राखी बांधें। इस दौरान राखी में तीन गांठ लगाएं। मान्यता है कि राखी की पहली गांठ को भाई की लंबी उम्र, दूसरी गांठ बहन की लंबी उम्र और तीसरी गांठ को रिश्तों की मजबूती के लिए बांधी जाती है। इसके बाद आप भाई को मिठाई खिलाएं। फिर सुख-समृद्धि की कामना करते हुए भाई की आरती उतारें।

रक्षा बंधन का मंत्र

येन बद्धो बलि राजा, दानवेन्द्रो महाबल :।
तेन त्वाम् प्रतिबद्धनामि ,रक्षे माचल माचल:।

लाल किले के प्राचीर से बोले पीएम मोदी

यह भारत का स्वर्णिम कालखंड है यह मौका जाने नहीं देना है

लालकिले की प्रचीर से लगातार 11वीं बार संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आजादी के नायकों को नमन किया और कहा, आजादी के दीवानों ने हमें स्वतंत्रता की सांस लेने का सौभाग्य दिया है। ये देश उनका ऋणी हैं। ऐसे हर महापुरुष के प्रति हम अपना श्रद्धाभाव व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि यह भारत का स्वर्णिमकाल है और हम इस मौके को गंवा नहीं सकते। मोदी ने अपने ही भाषण का रिकार्ड तोड़ा और इस बार 98 मिनट तक देश को लाल किले के प्राचीर से संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता (एससीसी) की जोरदार वकालत करते हुए भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने का संकल्प व 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का सपना साकार करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं व अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हो रही हिंसा पर चिंता भी जताई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार सत्ता में आने के बाद गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 11वीं बार ऐतिहासिक लाल किले पर तिरंगा फहराया। लाल किले की प्राचीर से उन्होंने देशवासियों को संबोधित करते हुए देश को आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने लाल किले से एक नया रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर अब तक का सबसे लंबा भाषण दिया। पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से 98 मिनट तक देशवासियों को संबोधित किया। यानी उन्होंने डेढ़ घंटे से ज्यादा का भाषण दिया। इससे पहले उन्होंने साल 2016 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 96 मिनट का भाषण दिया था। लेकिन आज उन्होंने 98 मिनट का भाषण देकर अपना खुद का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पीएम मोदी का सबसे छोटा संबोधन साल 2017 में था, जब उन्होंने करीब 56 मिनट तक भाषण दिया था।

पीएम मोदी ने अपने भाषण से कई तरह के संदेश दिए और साफ तौर पर अपनी प्राथमिकताओं को बताया। हिंदुओं के मुद्दे पर उन्होंने बांग्लादेश की सरकार को साफ संदेश दे दिया। वहीं देश में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चल रही कार्रवाई को लेकर भी साफ संदेश देने का काम किया। सरकार की तरफ से जारी सुधारों को लेकर भी पीएम मोदी पूरी तरह से प्रतिबद्ध दिखें। शिक्षा और रोजगार के मुद्दे को भी पीएम मोदी ने अपने लाल किले से संबोधन में प्रमुखता से रखा।

पीएम मोदी ने बांग्लादेश को दिया संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में हालात जल्द सामान्य होंगे और वहां हिंदू तथा दूसरे अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में यह भी कहा कि बांग्लादेश की विकास यात्रा को लेकर शुभेच्छा रहेगी। मोदी ने कहा, ''बांग्लादेश में जो कुछ हुआ है उसको लेकर पड़ोसी देश के नाते हमें चिंता होना स्वाभाविक है। मैं आशा करता हूं कि वहां हालात जल्द सामान्य होंगे. 140 करोड़ देशवासियों की चिंता यह है कि वहां हिंदू, अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा, ''भारत हमेशा चाहता है कि हमारे पड़ोसी देश सुख और शांति के मार्ग पर चलें। शांति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है, हमारे संस्कार हैं आने वाले दिनों में बांग्लादेश की विकास यात्रा के लिए हमेशा हमारी शुभेच्छा रहेगी, क्योंकि हम मानव जाति की भलाई के बारे में सोचने वाले लोग हैं।

रिफॉर्म के मुद्दे पर पीएम मोदी ने दिखायी प्रतिबद्धता

पीएम मोदी के भाषण को गौर से सुना जाए तो उसमें एक नया अजेंडा शामिल दिखता है. उनके भाषण के इस अंश पर बहुत ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने जाहिर किया कि लोकल सेल्फ गवर्नेंस और स्टेट लेवल पर अगर तेजी से काम नहीं होगा, तो भारत के महत्वाकांक्षी अजेंडा को पाने में बहुत समस्याएं आ सकती हैं। यही वजह है कि उन्होंने अपने भाषण में गवर्नेंस की 3 लाख यूनिट्स का जिक्र किया.ये लाखों यूनिट्स दो-दो रिफॉर्म्स भी करें, तो 30 लाख रिफॉर्म हो सकते हैं।

पीएम मोदी ने अपने भाषण में रिफॉर्म पर भी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि सरकार के सुधार पिंक पेपर के भारी भरकम आर्थिक खबर बनाने वाले घटनाक्रम नहीं हैं. यह बहुत गहराई वाला काम होने वाला है। इसके लिए नए किस्म के रिफॉर्म आएंगे, जो हर इंसान की जिंदगी पर बहुत असर डालेंगे। पीएम मोदी ने न्यायिक सुधार को लेकर जनता की राय की भी बात की।

भ्रष्टाचार और नकारात्मक राजनीति को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना

भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई पिछले 10 सालों में केंद्र सरकार की प्रमुख एंजेंडों में शामिल रहा है. पिछले लोकसभा के चुनाव के दौरान भी बीजेपी ने इसे मजबूती से उठाया था। पीएम मोदी के भाषण से दूसरी बड़ी हेडलाइन यह निकली है कि जो लोग भारत की तरक्की से परेशान, निराशावादी हैं,भ्रष्टाचारवादी हैं, परिवारवादी हैं, उन पर उनका हमला जोर शोर से रहने वाला है। पीएम मोदी की इस चेतावनी को पिछले दिनों के घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा सकता है। पीएम मोदी ने बिना नाम लिए हिंडनबर्ग जैसी रिपोर्ट के बाद देश में विपक्षी दलों के नकारात्मक राजनीति पर हमला बोला।

एक राष्ट्र, एक चुनाव की पीएम मोदी ने की जोरदार वकालत

बार-बार चुनाव से देश की प्रगति में गतिरोध पैदा होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से की गई किसी भी योजना की घोषणा को अक्सर चुनावी नफे-नुकसान से जोड़ दिया जाता है। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि इस बारे में देश में व्यापक चर्चा हुई है, सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं और इसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट भी तैयार की है।

उन्होंने कहा, ''वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए देश को आगे आना होगा। मैं लाल किले से देश के राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं, देश के संविधान को समझने वाले लोगों से आग्रह करता हूं कि भारत की प्रगति के लिए, भारत के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, 'वन नेशन, वन इलेक्शन के सपने को साकार करने के लिए आगे आएं। बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने वहां जल्द सामान्य स्थिति बहाल होने की उम्मीद जताई।

शिक्षा रोजगार और क्षेत्रीय राजनीति को भी साधने की कोशिश

पीएम मोदी ने अपने भाषण में शिक्षा रोजगार पर फोकस किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि बिहार में गौरव का इतिहास रहा है, यहां हमने नालंदा यूनिवर्सिटी का पुर्ननिर्माण किया है। नालंदा यूनिवर्सिटी ने एक बार फिर से काम करना शुरू कर दिया है, लेकिन हमें शिक्षा के क्षेत्र में फिर से एक बार सदियों पुरानी उस नालंदा स्पिरिट को जगाना होगा। नालंदा स्पिरिट को जीना होगा, उस नालंदा स्पिरिट को लेकर के बड़े विश्वास के साथ विश्व की ज्ञान की परंपराओं को नई चेतना देने का काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा की नई शिक्षा नीति पर कई राज्यों ने अच्छे कदम उठाए हैं। इसके कारण 21वीं सदी के अनुरूप अपनी शिक्षा व्यवस्था को जो हम बल देना चाहते हैं और विकसित भारत के लिए जिस प्रकार से मानव समूह को तैयार करना चाहते हैं उसमें नई शिक्षा नीति की बड़ी भूमिका है।

पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा के मार्फत आदिवासी राजनीति को साधने की भी कोशिश की। पीएम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती आ रही है, ये हम सबके लिए प्रेरणा का कारण बने समाज के प्रति एक छोटे से छोटा व्यक्ति कैसा जज्बात रखता है, उससे बड़ी और कहां से मिल सकती है। उनकी जयंती आ रही है, उनकी 150वीं जयंती जब हम मनाए तो समाज के प्रति हमारा ममभाव बढ़े, हम समाज के सभी गरीबों, दलितों, आदिवासियों को अपने साथ लेकर चलें।

बच्चों के भविष्य जिज्ञासा के लिए जरूरी है उनका बौद्धिक विकास

आज विद्यालयों में सिर्फ विद्यालयीन पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जाता है और बच्चे सिर्फ तोते की तरह रटन की विद्या पर भरोसा करते हैं। बच्चे इस तरह शिक्षा प्रणाली से सिर्फ परीक्षाओं में अच्छे अंक कैसे आएं, इस पर ही उनका फोकस रहता है। आज विद्यालय बच्चों के बौद्धिक विकास पर ज्यादा फोकस नहीं करते। आज देश-दुनिया में शिक्षा सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में काफी प्रतिस्पर्धा आ गई है और बच्चे मानसिक तनाव से गुजरते हैं। जो अच्छे अंक लाते हैं, लेकिन मेडिकल, इंजीनियरिंग, पीएससी, एमबीए, आईआईआईटी जैसी उच्च शिक्षा के लिए आखिर क्वालीफाई क्यों नहीं कर पाते?

हमें बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करना है, तो उनकी मानसिक क्षमता को बढ़ाना पड़ेगा और ऐसी शिक्षा देनी होगी कि वे मानसिक तनाव से न गुजरें। मुझे इस बात की बड़ी चिंता होती है जब बड़े-बड़े ख्यातिलब्ध कोचिंग सेंटरों में पढ़ने वाले विद्यार्थी आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। मैंने अखबारों की सुर्खियों में जब पढ़ा- कि अमुक कोचिंग के विद्यार्थी ने आत्महत्या कर ली।

आखिर हम बच्चों को जिस उद्देश्य से बाहर भेजते हैं, हमारा उद्देश्य पूरा तो नहीं होता, बल्कि घर-परिवार के लिए एक बड़ा आघात जरूर आ जाता है। मैं अभिभावकों से पूछना चाहता हूं कि- आखिर आप अपने बच्चों पर क्यों बोझ डालते हैं? बच्चों को इस कदर तैयार कीजिए कि वे अपना भविष्य खुद चुनें। जो विषय में उन्हें रूचि है, उन्हीं विषय पर उन्हें आगे बढ़ाइए और देखिए कि आपका बच्चा एक दिन आपका नाम रौशन करेगा। अनावश्यक दबाव बच्चों पर कभी न डालें। उन्हें बचपन में मिट्टी से, धूल से खेलने दीजिए। अपने दोस्तों के साथ बचपन का लुफ्त उठाने दीजिए, क्योंकि बचपन फिर से लौटकर नहीं आने वाला। हां! उन्हें प्रेम से समझाकर मोबाईल से दूर रहने के लिए पुचकारें। ऐसे खेलों पर ध्यान आकृष्ट कराएं, जो उसके भविष्य के लिए सुखद क्षण लेकर आये।

बच्चों को सिर्फ पढ़ाई पर ही व्यस्त न रखें, उन्हें व्यस्त रखने के लिए कुछ समय आप भी दें, दोस्तों के साथ समय बीताने दें। अनावश्यक उन पर ए करो-वो करो का दबाव न डालें। छोटे-छोटे काम के लिए प्रोत्साहित करें। पैसे का मोल समझाएं और यदि आप कुबेर हैं तो उन्हें खुली छूट न दें और मेहनत का मोल समझाएं।

छोटी-छोटी बातों को उनके मन में घुसाएं और समय-पैसा-रिश्ता-मित्रता-छोटे-बड़ों के साथ सद्व्यवहार सीखाएं।

जब आपका बच्चा इन छोटी-छोटी बातों को सीखने लगेगा, तो उसका बौद्धिक विकास भी होगा और वो हाईस्कूल तक आते-आते भविष्य के बारे में जिज्ञासु होगा और अपना भला बुरा भी सोचने में सक्षम होगा। स्वास्थ वर्धक खाने के प्रति रूचि पैदा करें और अनावश्यक पैसा देकर बाहर खाने की आदत तो बिल्कुल ही न डालें। बाहर के खान-पान से उसकी रूचि घर के खान पान से दूर हो जाएगी और सेहत पर भी असर डालेगा। इतना अवश्य है कि आप कभी-कभी परिवार के साथ घूमने अवश्य जाएं और बच्चों के रूचिकर व्यंजन को जरूर खिलाएं, ताकि बच्चों को ना लगे कि माता-पिता उनके साथ ज्यादा ही ज्यादती कर रहे हैं।उन्हें खुली हवा में सांस लेने दें, थोड़ी शरारत और मौज मस्ती के लिए उन्हें खुली हवा में छोड़ दें। बात-बात पर टोकना ठीक नहीं, कुछ देर के लिए यदि बाहर जाता है तो पल-पल नजर ना रखें। ज्यादा नजर रखना-ज्यादा टोका-टाकी करना बच्चे के बौद्धिक विकास पर असर डालेगा। बच्चे को इतना जरूर समझाईश दें कि वे समय पर सोएं, समय पर उठें, समय पर स्कूल जाएं, समय पर खेलें, इस तरह बच्चे के अनुशासन पर कड़ी नजर रखें। अनुशासित और संस्कारवान बच्चा परिवार का धरोहर बन जाएगा और ऐसे बच्चे भविष्य के प्रति जिज्ञासु बनेंगे और एक सफल नागरिक बनाने में आप सक्षम होंगे।

मसलन, कोई भी माता-पिता और देखभाल करने वाले अभिभावक अपने बच्चे की वर्तमान बौद्धिक अवस्था को समझें ताकि वे अपने बच्चे के संज्ञानात्मक या बौद्धिक विकास करने के लिए उन्हें सुनियोजित गतिविधियाँ प्रदान कर सकें।

बच्चों के बौद्धिक विकास का तात्पर्य उनके सोचने और तर्क करने की क्षमता का बहुमुखी विकास करना। कभी-कभी बच्चों को इस बात का अहम आ जाता है कि उसके पिता काफी धनवान हैं और वह कुछ नहीं करेगा तो भी रईस की जिंदगी जी लेगा और इसी सोच से बच्चे की संगत गलत पड़ जाती है और वह भविष्य की चिंता किये बिना गलत रास्ता अख्तियार कर लेता है। नशा, जुआ, सट्टा की कहीं लत पड़ गई तो परिवार को बर्बाद होने से कोई नहीं रोक सकता और आपका एक गलत कदम बच्चे का भविष्य बिगाड़ सकता है। कई बच्चे सपनों की दुनिया में जीते हैं और कपोलकल्पित दुनिया जाकर बड़े-बड़े सपने तो देखते हैं लेकिन उसके क्रियान्वयन में बच्चे का संघर्ष कहीं नहीं दिखता। बच्चा बोलता जरूर है कि मैं बड़ा होकर ए बनूंगा-वो बनूंगा लेकिन आखिरी में रिजल्ट शून्य आता है। बच्चे को समझाएं कि संघर्ष क्या होता है। संघर्ष में जीने वाला बच्चा ही इतिहास बनाता है। आपके पास बेतहाशा पैसा है तो भी बच्चे को संघर्ष कराना सीखाएं।

बच्चे के दिमाग में इस बात को जरूर डालें कि किस तरह हमारे महापुरूषों ने संघर्ष किया था, तभी वे राष्ट्र के लिए प्रेरणा बन पाए। अभिभावक बच्चों के बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिए उनके चेतना विकास पर भी ध्यान दें और बताएं कि आज की वर्तमान स्थिति में जो बच्चा संघर्ष करेगा, कड़ी मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा। उन्हें सार्थक चर्चा में लगाएं, विद्यालय में भी बोलने की क्षमता का विकास करने के लिए भाषण, अभिव्यक्ति प्रतियोगिता कराएं, ताकि बच्चे का व्यक्तित्व विकास भी हो और भविष्य में क्या बेहतर होगा, उस सब्जेक्ट के प्रति बच्चे का रूझान बढ़ाएं।

रचनात्मक और कलात्मक खेल सामग्री बच्चों को समस्या समाधान में संलग्न होने देकर सीखने और विकास करने में मदद करते हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनके शब्दावली ज्ञान, वाक्य सृजन, वस्तु विमर्श, जटिल आकृतियों की नकल, तर्क और बहस करने की क्षमता में वृद्धि करना सीखाएं, आगे चलकर बच्चे खुद बौद्धिक विकास में पारंगत हो जाएंगे और 12 वीं के बाद वे अपने भविष्य की चिंता स्वयं करने लगेंगे। इच्छा जागृति जब बच्चों में आ जाएगी तो वे स्वयं भविष्य के लिए रास्ता तय करते चले जाएंगे और वह दिन दूर नहीं जब आपका बच्चा एक सक्षम और सफल नागरिक बनकर दूसरे के लिए प्रेरणा बनेगा।

डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

राजधानी में मुख्यमंत्री साय ने किया ध्वजारोहण, कहा-विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही हमारी सरकार

रायपुर (दिव्य आकाश)।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी में ध्वजारोहण करने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के संकल्प में छत्तीसगढ़ प्रभावी भूमिका अदा कर रहा है। हमारी सरकार विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए नई-नई योजनाएं तैयार कर रही है। उन्होंने राज्य की जनता को 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों के कठिन संघर्ष और बलिदान से हमें आजादी मिली है। आजादी के लिए हमारे पुरखों ने अंग्रेजी साम्राज्यवाद के विरूद्ध लंबा संघर्ष किया। उनके बलिदान और संघर्षों के फलस्वरूप मिली आजादी को हमें अक्षुण बनाए रखना है। लोकतांत्रिक ताकतों को मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री श्री साय राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के बाद प्रदेशवासियों को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरे देश के स्वाधीनता सेनानियों के साथ ही छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने भारत माता की परतंत्रता की बेड़ियों को तोड़ने के लिए जो अनथक मेहनत की, उसके सुखद परिणाम स्वरूप आज हम स्वतंत्र वातावरण में साँस ले रहे हैं। देश के अन्य हिस्सों की तरह छत्तीसगढ़ में शहीद गेंद सिंह, शहीद धुरवा राव, शहीद यादव राव, शहीद वेंकट राव, वीर गुंडाधुर, शहीद डेबरी धुर, शहीद आयतु माहरा, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे हमारे अनेक ऐतिहासिक नायकों ने अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेकने के लिए अदम्य साहस का परिचय देते हुए जनमानस में स्वाधीनता की अलख जगायी। आज जिस स्वतंत्रता का उपभोग कर रहे हैं, वह हमारे पुरखों के बलिदान का प्रतिफल है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर का संविधान आज लोकतंत्र को आगे बढ़ने की राह दिखा रहा है। यह हमारे लिए एक प्रकाश स्तंभ है। बरसों पहले बाबा गुरु घासीदास जी ने समता मूलक समाज का आदर्श हम सबके सामने रखा था, जो बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान में फलीभूत हुआ। उनके संविधान में कबीर की वाणी का सार भी है, जो भारत के नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ-साथ समानता प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में भरोसे का संकट सबसे बड़ा संकट होता है। यह तंत्र निश्चित ही जनता का अपने प्रतिनिधियों पर भरोसा कायम रखने से ही चलता है। छत्तीसगढ़ सरकार की बागडोर संभालने के बाद हमारी सबसे बड़ी चुनौती इसी भरोसे को बहाल करने की थी। हमें यह कहते हुए संतोष हो रहा है कि हमारी सरकार ने आपसे किये अधिकांश वायदों को पूरा कर विश्वास को फिर से स्थापित किया है। हमारे संविधान निर्माताओं का सपना ऐसे ही मजबूत लोकतंत्र का था, जहां जनता और उसकी चुनी हुई सरकार भरोसे की ऐसी ही मजबूत डोर में बंधी रहे। वास्तव में यह लोकतंत्र का मजबूत रक्षासूत्र है, जिसे कभी भी किसी भी लोकसेवक को कमजोर नहीं करना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि हमारे राज्य निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्वर्गीय अटल जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण प्रदेश के व्यापक आर्थिक विकास एवं प्रदेश की सुंदर संस्कृति के संरक्षण के लिए किया। हमारा दायित्व है कि 'हमने ही बनाया है, हम ही संवारेंगे' के संकल्प के साथ प्रदेश के नवनिर्माण में पूरी लगन से जुट कर अटल जी का सपना साकार करें। विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देकर हम पूर्वजों की इस परंपरा को आगे बढ़ाने का यश हासिल कर सकते हैं, यही हमारा कर्तव्य भी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज के दिन हम उन पूर्वजों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं जिन्होंने आपातकाल के कठिन दौर में संविधान की मशाल को बुझने नहीं दिया। देश भर में हजारों लोकतंत्र सेनानियों ने इमरजेंसी का विरोध किया और इसके प्रतिरोध में जेल की सजा और अन्य यातनाएँ भुगतीं। अगले वर्ष 25 जून को इमरजेंसी के पचास बरस पूरे हो जाएंगे। इस वर्ष ''आपातकाल स्मृति दिवस'' के अवसर पर 25 जून के दिन हमें अपने प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों का आशीर्वाद मिला है। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि अपने लोकतंत्र सेनानियों के प्रति कृतज्ञता-ज्ञापित करने हेतु पिछले पांच वर्षों से रुकी उनकी सम्मान निधि हमारी सरकार द्वारा पुनः प्रारंभ की गई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज के दिन हम अपने उन जवानों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जो हमारे प्रदेश में लोकतंत्र विरोधी, नक्सलवादी आतंक से पूरे साहस और जज्बे के साथ मुकाबला कर रहे हैं। बीते आठ महीनों में हमारे जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए 146 नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान हमने 32 नये सुरक्षा कैंप खोले हैं और आने वाले दिनों में 29 नये कैंप शुरू करने जा रहे हैं। आज कई वर्षों बाद क्षेत्र की जनता सुरक्षित महसूस कर रही है, जिसका कारण हमारे वीर जवानों की मेहनत व पराक्रम है।

अब बस्तर तीव्र विकास के लिए है तैयार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सलवादी घटनाओं से निपटने के लिए अनुसंधान और अभियोजन की कार्रवाई और भी प्रभावी रूप से हो सके, इसके लिए हमने राज्य अन्वेषण एजेंसी (एसआईए) का गठन किया है। बस्तर की जनता नक्सलियों से त्रस्त हो चुकी है और विकास के मार्ग पर सरपट दौड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि अन्दरूनी क्षेत्रों में नये कैंपों का विस्तार कर लोगों को आतंक से मुक्ति देने के साथ ही इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का काम भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसके लिए हमने ''नियद नेल्लानार'' योजना शुरू की है। इस शब्द का अर्थ होता है -''आपका अच्छा गांव''। विशेष पिछड़ी जनजातियों के हितग्राहियों के लिए आरंभ की गई ''पीएम जनमन योजना'' की तरह इस योजना से कैंपों के निकट पांच कि.मी. की परिधि के गांवों में 17 विभागों की 53 हितग्राही मूलक योजनाओं एवं 28 सामुदायिक सुविधाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। इन गांवों में पहली बार लोगों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। वे शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सरकार की लोकहितकारी योजनाओं का लाभ अब उठा रहे हैं। उनके जीवन में सुशासन का नया सवेरा आया है।

प्रदेश में रिकॉर्ड धान खरीदी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमें अपने जवानों के साथ अपने किसानों पर भी गर्व है। उनके श्रम से छत्तीसगढ़ महतारी का धान का कटोरा भरा-पूरा रहता है। प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी के अनुरूप हमने अन्नदाताओं की सुख-समृद्धि को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। पूर्व प्रधानमंत्री और हमारे प्रेरणा पुंज अटल जी के जन्मदिन ''सुशासन दिवस'' के अवसर पर हमने राज्य के 13 लाख किसानों के बैंक खाते में 3716 करोड़ रुपये का बकाया धान बोनस अंतरित किया। हमने अपने वायदों को पूरा करते हुए किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की। प्रदेश में ''रिकॉर्ड'' 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई।

खेती-किसानी में लौटी रौनक

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसानों को समर्थन मूल्य की 32 हजार करोड़ रुपए की राशि के साथ ही कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत प्रदेश के 24 लाख 75 हजार किसानों को अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपये अंतरित किए गए। इस प्रकार हमारे अन्नदाताओं के खाते में सरकार ने धान खरीदी और बकाया बोनस मिलाकर लगभग 49 हजार करोड़ रुपए अंतरित किए। भूमिहीन किसानों को हमने दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपए वार्षिक सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। प्रदेश में कृषि हितैषी नीतियों की वजह से खेती-किसानी में रौनक लौट आई है और किसानों के चेहरों पर मुस्कान नजर आ रही है। आज हमारे गांव आर्थिक रूप से संपन्न नजर आते हैं। एक लोककल्याणकारी सरकार के लिए इससे बढ़कर संतोष की बात और कुछ नहीं हो सकती।

समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति का उत्थान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने हमारे समक्ष अंत्योदय के लिए कार्य करने का आदर्श रखा है। समाज के सबसे आखिरी व्यक्ति के उत्थान और विकास को सुनिश्चित करने के इसी लक्ष्य के अनुरूप हम अनथक कार्य कर रहे हैं। अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारी 68 लाख परिवारों को अगले पांच सालों तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण का निर्णय हमारी सरकार द्वारा लिया गया है। आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें सबसे पहले सबको आवास सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी है। मैं पिछले तीन दशकों से विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के निकट संपर्क में रहा हूँ, उनके करीब रहकर मैंने देखा है घास-फूस के आवास में रहने वालों का दर्द क्या होता है।

18 लाख लोगों का आवास का सपना होगा पूरा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना लेकर आए तो प्रदेश के लाखों परिवारों को उम्मीदें जगी लेकिन पिछले 5 सालों में प्रदेश के 18 लाख जरूरतमंद परिवारों के आवास का सपना पूरा नहीं हो सका। हमने संकल्प लिया कि हम इन 18 लाख परिवारों की पीड़ा दूर करेंगे। शपथ लेने के अगले दिन ही हमारी सरकार ने इनके आवास के सपने को पूरा करने की राह खोल दी। इसके साथ ही सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में चिन्हांकित 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को आवास स्वीकृत करने का निर्णय भी हमने ''मुख्यमंत्री आवास योजना'' के तहत लिया है।

39 लाख परिवारों के यहां नल से जल

सबको आवास के साथ ही सबको शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने प्रधानमंत्री मोदी ने जलजीवन मिशन भी आरंभ किया है। प्रदेश में इसके क्रियान्वयन की दिशा में हम तेजी से काम कर रहे हैं। इसके लिए हमने 4500 करोड़ रुपए का बजट रखा है। प्रदेश में भू जल की समस्या वाले गांवों में जलजीवन मिशन के अंतर्गत मल्टी विलेज स्कीम के माध्यम से पेयजल आपूर्ति का काम शुरू हो गया है। फिलहाल राज्य के 18 जिलों में 70 मल्टी विलेज योजनाओं का काम आरंभ हो गया है। हमने छत्तीसगढ़ में 50 लाख ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य रखा था। मुझे खुशी है कि इसमें से 39 लाख 31 हजार परिवारों में हम नल कनेक्शन उपलब्ध करा चुके हैं।

तेंदूपत्ता संग्राहकों की बढ़ी पारिश्रमिक दर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में वनधन केंद्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने वनोपज संग्राहकों की आर्थिक तरक्की की नई राह खोली है। हमारी सरकार ने राज्य के तेंदूपत्ता संग्राहकों की पारिश्रमिक दर को 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रुपए कर दिया है।

युवा हमारे भविष्य

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि युवा हमारे भविष्य हैं। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिले, उनकी उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त वातावरण हो, इसके लिए हम प्राथमिकता से कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार यह मानती है कि भर्ती प्रक्रियाओं में की गई अनियमिततायें होनहार युवकों को रोजगार के अवसरों से वंचित तो करती ही हैं, साथ ही इससे सिविल सेवा की गुणवत्ता पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। हमारी सरकार द्वारा राज्य सिविल सेवा परीक्षा 2021 में हुई अनियमितता की जांच सीबीआई से कराने का निर्णय लिया गया। हम युवाओं के लिए समान अवसर और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित हैं।

खेल सुविधाओं को बढ़ावा

युवाओं के लिए खेल की सर्वोत्तम अधोसंरचना तैयार करने की दिशा में हमारी सरकार द्वारा गहन प्रयास किया जा रहा है। साथ ही प्रदेश के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए हमने ''छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना'' आरंभ करने का निर्णय लिया है। रायगढ़ जिले में इंडोर स्टेडियम काम्प्लेक्स, हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान एवं सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक 31 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनाया जाएगा, वहीं बलौदाबाजार जिले में 14 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। जशपुर जिले के कुनकुरी में 33 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। निश्चित रूप से हमारी सरकार युवाओं को उन्नति के लिए हर अवसर प्रदान करेगी, यह हमारा संकल्प है।

ई-ट्रांजिट पास और जेम पोर्टल

मुख्यमंत्री ने कहा कि गवर्नेंस के हर हिस्से में हम पारदर्शिता सुनिश्चित कर रहे हैं। खनिजों के परिवहन में हमने मैनुअल पद्धति को समाप्त कर दिया है और ई-ट्रांजिट पास जारी करने की व्यवस्था पुनः शुरू की है। इसी तरह सरकारी खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हमने जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी का निर्णय लिया। आबकारी नीति में पारदर्शिता लाने तथा भ्रष्टाचार को समाप्त करने, पुरानी व्यवस्था के स्थान पर सीधे कंपनियों से खरीदी का निर्णय लिया है।

तहसीलदारों के अधिकारों का विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित और समय-सीमा में निराकरण के लिए हमने तहसीलदारों के अधिकारों का विस्तार किया है। नाम, जाति, पता की त्रुटि, सिंचिंत-असिंचित रकबा, कैफियत त्रुटि, एक फसली-बहु फसली त्रुटि को सुधारने का अधिकार तहसीलदार को दिया गया है, जिससे राजस्व संबंधी परेशानी झेल रहे लोगों की दिक्कत दूर हो रही है।

संस्कृति संवर्धन

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़िया लोगों की पहचान देश-दुनिया में सहज-सरल लोगों के रूप में है। यह हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हम मेहनतकश लोग हैं। ईमानदारी से काम करते हैं। यह हमारे सांस्कृतिक मूल्य हैं। इन्हें सहेज कर रखना हमारी बड़ी जिम्मेदारी है। अपनी बोली-भाषा, तीज त्यौहार, खान-पान को सहेजते हुए आने वाली पीढ़ी को इनसे परिचित कराते हुए हमें निरंतर आगे बढ़ना है।

"एक पेड़ माँ के नाम" अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के संकट को देखते हुए हम सबका कर्तव्य है कि पर्यावरण को बेहतर बनाने में अपनी भागीदारी दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान आरंभ किया है। मैंने अपने गृह ग्राम बगिया में इस अभियान के अंतर्गत रुद्राक्ष का पौधा लगाया है। रायपुर में मुख्यमंत्री निवास में मैंने दहीमन का पौधा लगाया है। आप भी एक पौधा जरूर लगाएं, यह आग्रह है।

श्रीराम के वनवास काल का साक्षी रहा छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारी पुण्य भूमि का परम सौभाग्य है कि श्रीराम हमारे भांजे हैं और उनकी कर्मभूमि भी छत्तीसगढ़ है। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सीतामढ़ी हरचौका से लेकर सुकमा के इंजरम तक कण-कण श्रीराम के वनवास काल का साक्षी है। हमारी धरती, माता शबरी की पुण्य भूमि है। पवित्र शिवरीनारायण धाम में उन्होंने अपनी अगाध श्रद्धा से जूठे बेर प्रभु को खिलाए थे। वनवास के दौरान बिताए गए चौदह वर्षों में से दस वर्ष प्रभु श्री राम ने हमारे छत्तीसगढ़ में ही बिताए हैं। रामायण के प्रसंग जनजातीय लोगों से प्रभु श्रीराम के अद्भुत स्नेह तथा प्रभु श्रीराम के जनजातीय लोगों के प्रति गहन अनुराग और समर्पण से भरे पड़े हैं। हम जब भी इन प्रसंगों को सुनते हैं, भाव विभोर हो जाते हैं। हम धन्य हैं कि हमारा जन्म इस पुण्य भूमि में हुआ है। यह सौभाग्य हमें श्रीराम के आदर्शों पर चल कर निरंतर काम करने की प्रेरणा देता है।

''अयोध्या धाम श्रीरामलला दर्शन योजना''

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच सौ वर्षों के अहिंसक संघर्ष की पूर्णाहुति अयोध्या धाम में श्रीरामलला के भव्य मंदिर के निर्माण के रूप में हुई। अपने भांचा राम के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ का हर नागरिक उत्सुक है। ''अयोध्या धाम श्रीरामलला दर्शन योजना'' के माध्यम से हम हजारों रामभक्तों को उनके आराध्य के दर्शन के लिए पूर्णतः निःशुल्क भेजने का माध्यम बने हैं। यह पुण्य अवसर हमें श्रीरामलला ने दिया है। उन्होंने तुलसीदास के रामचरितमानस के दोहे का उल्लेख करते हुए कहा कि ''दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज्य नहीं काहुहि ब्यापा।'' भगवान श्रीराम ने एक आदर्श राज्य की स्थापना की। आप सभी के सहयोग से हम अपने पूरे सामर्थ्य के साथ काम करते हुए छत्तीसगढ़ को सुखी, समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में काम करेंगे।

नई शिक्षा नीति के अनुरूप मातृभाषा में शिक्षा

रोजगार के बेहतर अवसर अच्छी शिक्षा से उत्पन्न होते हैं। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की नींव को ठोस करने का काम हमने शुरू कर दिया है। इसके लिए प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया गया है। छत्तीसगढ़ अपनी बोली-भाषा की विविधता से समृद्ध है। हमारे यहां कहावत प्रचलित है कि ''कोस-कोस मा पानी बदलय, चार कोस मा बानी।'' प्रारंभिक आयु में बच्चे सबसे ज्यादा अपनी मातृभाषा में सीखते हैं, इसके चलते ही हमने नई शिक्षा नीति के तहत 18 स्थानीय भाषाओं में प्राइमरी स्कूल में पढ़ाई कराने का निर्णय लिया है। इससे बच्चों का अपनी भाषा से अनुराग भी बढ़ेगा तथा हमारी नई पीढ़ी अपनी जड़ों से भी जुड़ी रहेगी।

आरक्षित वर्ग के युवाओं को यूपीएससी की निःशुल्क कोचिंग

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में हमारे युवाओं की सफलता दर बढ़े, इसके लिए आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग द्वारा नई दिल्ली में संचालित यूथ हॉस्टल में यू.पी.एस.सी. की तैयारी के लिए अभ्यर्थियों के लिए सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर हमने 185 कर दी हैं। अब सिविल सेवाओं की तैयारी के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के चयनित युवा पूर्णतः निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर सकेंगे एवं दिल्ली में कहीं भी निवास करने पर उनको निर्धारित स्टाइपेंड भी प्राप्त होगा, जिससे उन्हें किराये के लिए भी प्रतिपूर्ति प्राप्त होती रहेगी। हमने शासकीय सेवाओं हेतु आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने की अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की है। इससे प्रदेश के लाखों युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। राजधानी के नालंदा परिसर की तरह ही 13 और नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी भी तैयार की जाएगी।

वन अधिकार पत्र होंगे हस्तांतरित

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वन अधिकार पत्र धारकों की मृत्यु हो जाने के पश्चात् उनके वारिसों को वन अधिकार पत्र हस्तांतरित करने की प्रक्रिया का उल्लेख वन अधिकार नियमों में नहीं था। इस वजह से नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन जैसे राजस्व संबंधी कार्य संभव नहीं थे। हमने अपने जनजाति और वनवासी भाइयों की पीड़ा को समझा। हमारी सरकार द्वारा उनके वारिसों को वन अधिकार पत्र हस्तांतरित करने का प्रावधान किया गया है।

आयुष्मान भारत से 77 लाख परिवारों को चिकित्सा सुविधा

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे ग्रंथों में ''सर्वे संतु निरामया'' की कामना की गई है। किसी तरह की बीमारी हो जाने पर सबसे ज्यादा चिंता आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को उठानी पड़ती है। इसे देखते हुए प्रदेश में ''आयुष्मान भारत''-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना'' के साथ ही ''शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य योजना'' लागू करने का निर्णय लिया गया है। इन दोनों योजनाओं से छत्तीसगढ़ के 77 लाख 20 हजार परिवारों को 5 लाख रूपए तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का होगा गठन

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार प्रदान करते हुए अर्थव्यवस्था को तेज रफ्तार देने हेतु हम प्रदेश की नई उद्योग नीति तैयार कर रहे हैं। इसके लिए हम देश की जानी-मानी विशेषज्ञ संस्थाओं तथा उद्योग संगठनों की सलाह लेकर कार्य कर रहे हैं। औद्योगिक अवसरों को आगे बढ़ाने देश-दुनिया में जो नवाचार प्रारंभ किये गये हैं, उन्हें राज्य की परिस्थिति के अनुरूप लागू करने छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद के गठन का निर्णय भी हमने लिया है।

पीएमश्री स्कूल

स्कूलों की अधोसंरचना को बेहतर करने एवं यहां शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रथम चरण में प्रदेश के 211 स्कूलों में पीएमश्री योजना आरंभ की गई है। इन स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। तीसरे चरण में हमें 52 स्कूलों की स्वीकृति मिली है। हम ग्रीन स्कूल तैयार कर रहे हैं। स्कूलों में स्थानीय भाषाओं के साथ रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे विषय भी पढ़ाये जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थी नये समय के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। प्रदेश के स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन भी शुरू किया गया है। इसमें जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने समाज की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इससे बच्चों का पोषण विकास तो होता ही है, सामुदायिक भावना का भी विकास होता है। पैरेंट्स-टीचर मीटिंग के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में हम काम कर रहे हैं।

उच्च शिक्षा मिशन का गठन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हमने उच्च शिक्षा में भी अपनाया है। इसके चलते हमारे पाठ्यक्रम रचनात्मक होने के साथ ही रोजगारमूलक भी होंगे ताकि नये समय की जरूरतों के अनुरूप मानव संसाधन उपलब्ध कराये जा सकें और युवाओं को बेहतर रोजगार मिल सके। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए हमने ''छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन'' का गठन किया है।

अमृतकाल विजन @ 2047

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र की तर्ज पर राज्य नीति आयोग का गठन किया गया है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आजादी के सौ बरस पूरे होने पर वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इसके लिए एक रोड मैप तैयार किया है। हमारी सरकार भी इससे कदमताल करते हुए ''विकसित छत्तीसगढ''. का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है। इसके लिए राज्य नीति आयोग द्वारा ''अमृतकाल विजनञ्च2047'' तैयार किया जा रहा है। हमारी दिशा स्पष्ट है, नियत साफ है और हौसला पर्वत जैसा है। निश्चित ही आप सभी की भागीदारी के साथ ''अमृतकाल विजन @ 2047'' पर काम कर हम विकसित छत्तीसगढ़, विकसित भारत के निर्माण का संकल्प पूरा करेंगे।

सुशासन एवं अभिसरण विभाग'' का गठन

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा दिखाई गयी सुशासन की राह पर चलकर छत्तीसगढ़ को संवार रही है। सुशासन के मूल्यों को क्रियान्वित करने हमने ''सुशासन एवं अभिसरण विभाग'' का गठन किया है।

मेडिकल शिक्षा का विस्तार

प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति को मजबूत करने मेडिकल शिक्षा का लगातार विस्तार जरूरी है। हमने संभाग स्तर पर एम्स की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (सिम्स) आरंभ करने का निर्णय लिया है। रायपुर में मेकाहारा तथा बिलासपुर में सिम्स के भवन विस्तार तथा अन्य सुविधाओं पर काम प्रारंभ कर दिया है।

तीव्र आर्थिक विकास के लिए रणनीति तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक विविधता को देखते हुए हमने सभी क्षेत्रों के आर्थिक विकास के लिए रणनीति तैयार की है। बस्तर और सरगुजा में हम वनोपज प्रसंस्करण केंद्रों, इको टूरिज्म, नैचुरोपैथी आदि पर जोर दे रहे हैं। नवा रायपुर को हम आईटी हब तथा इनोवेशन हब के रूप में विकसित कर रहे हैं।

प्रदेश के विकास में मातृशक्ति की अहम भूमिका

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ को गढ़ने और सँवारने में मातृशक्ति की अहम भूमिका है। हम उनके योगदान का वंदन करते हैं। हमारे छत्तीसगढ़ में तीज-त्योहार की परंपरा है। तीजा के मौके पर भाई अपनी बहनों को भेंट देते हैं। प्रदेश की माताओं-बहनों को ''महतारी वंदन योजना'' के रूप में यही भेंट हम प्रदान कर रहे हैं। 10 मार्च, 2024 के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्चुअल समारोह में 70 लाख माताओं-बहनों के खाते में महतारी वंदन योजना की पहली किश्त के रूप में एक-एक हजार रुपए की राशि अंतरित की। अब तक इस योजना की छह किश्त जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी माताएं-बहनें इससे आर्थिक रूप से सक्षम व आत्मनिर्भर हुई हैं। वे इस राशि का उपयोग अपनी इच्छा अनुसार बच्चों की पढ़ाई एवं घर के बजट को व्यवस्थित करने में कर रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक संबल मिल रहा है। म बेटियों को मजबूत करते हैं तो पूरा परिवार मजबूत होता है और मजबूत परिवार से ही मजबूत समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। महिलाओं के आर्थिक सामाजिक सशक्तीकरण से निश्चित ही विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला मजबूत हो रही है।

स्वतंत्रता दिवस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया ध्वजारोहण और ली परेड की सलामी

जांजगीर-चाम्पा (दिव्य आकाश)।

78वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय हाईस्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित मुख्य समारोह में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम संदेश का वाचन किया और प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं तथा बधाई दी। ध्वजारोहण पश्चात् राष्ट्रगान की धुन पर सलामी दी गई। मंत्री श्री चौधरी ने हर्षोल्लास एवं उमंग के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े। मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने इस दौरान शहीदों के परिजनों को शॉल तथा श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 'पीएम श्री' सेजेस जांजगीर क्र. 1 को एवं परेड सशस्त्र वर्ग में सीएएफ 11वीं बटालियन भारत रक्षित मिला प्रथम स्थान

परेड सशस्त्र वर्ग (प्लाटून) में सीएएफ 11वीं बटालियन भारत रक्षित प्रथम, जिला पुलिस बल द्वितीय एवं तृतीय स्थान नगर सेना को प्राप्त हुआ। परेड एनसीसी वर्ग में प्रथम स्थान एनसीसी सीनियर डिविजन टीसीएल कालेज जांजगीर, द्वितीय स्थान एनसीसी 325 ट्रूप शा.उ.मा.वि जांजगीर एवं एनसीसी बालिका ज्ञानदीप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। परेड स्काउट वर्ग में गाईड दल गट्टानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर प्रथम, गाईड दल कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय जांजगीर द्वितीय एवं स्काउट दल ज्ञानदीप जांजगीर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पीएम श्री सेजेस जांजगीर क्र 1 को प्रथम स्थान, गुरूकुल इंटरनेशनल विद्यालय बनारी को द्वितीय एवं ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल बनारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस दौरान विधायक जांजगीर ब्यास कश्यप, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक नारायण चंदेल, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता यशवंत चन्द्रा, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

चौधरी ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

स्वतंत्रता दिवस के इस महत्वपूर्ण अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक पर जाकर अमर जवान और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए कहा कि उनकी वीरता और बलिदान सदैव हमें प्रेरणा देते रहेंगे।

मंत्री ओपी चौधरी ने मड़वा पावर प्लांट के श्रमिकों के लिए शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत कैंटीन का किया वर्चुअली शुभारंभ

जांजगीर-चांपा (दिव्य आकाश)

माननीय प्रभारी मंत्री महोदय श्री ओ.पी. चौधरी जी
द्वारा "संवाद ... " का शुभारंभ
दिनांक 15 ... 2024

जिले के प्रभारी मंत्री और वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 15 अगस्त को वर्चुअल माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत परियोजना मड़वा में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत कैंटीन का शुभारंभ किया। इसके साथ कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंत्री ओपी चौधरी के द्वारा नींव - एक स्वर्णिम भविष्य की, समग्र प्रगति पत्र, आंगनबाड़ी बाल प्रगति पत्र, मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय, दस प्रयत्नम अभियान का शुभारंभ करते हुए जांजगीर-चांपा जिले के लोगो का अनावरण किया। शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत संचालित कैंटीन के माध्यम से निर्माणी, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिकों को मात्र 5 रुपए में चावल, दाल, सब्जी, आचार या चटनी के साथ गरमा गरम ताजा भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है की शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना वर्ष 2017 से छत्तीसगढ़ में प्रारंभ होकर संचालित है। इस अवसर वर्चुअल माध्यम से मंत्री ओपी चौधरी ने मड़वा पावर प्लांट में कार्यरत श्रमिक सतीश कुमार एवं रमेश कुर्रे से बात की।

स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई...
जय हिन्द! जय तिरंगा!!
HAPPY INDEPENDENCE DAY

मईनका माई शिक्षण समिति द्वारा संचालित माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से संबद्धता प्राप्त
विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय DREAMLAND PUBLIC SCHOOL
PAMGARH, Dist- Janjgir-Champa (C.G.)
ADMISSION OPEN
संचालित विषय
•MATHS WING •ARTS WING •BIOLOGY WING •COMMERCE WING
FACILITIES
- Expert Teachers for every 5 Students.
- Highly Quality Faculty Team.
- Modern Computer Practical Rooms.
- Furnished and Hygicnic Classrooms.
- Big Auditiorium
- Garden Play Ground with Sports Facilities.
- NSS, NCC, Other Platform.
- 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्राविण्य सूची में स्थान प्राप्त पामगढ़ नगर के बच्चों को स्व. दुर्गा प्रसाद पाण्डेय मेमोरियल अवार्ड के तहत प्रथम को लैपटॉप एवं द्वितीय को सायकल पुरस्कार
- स्व. केशव प्रसाद पाण्डेय कन्या शिक्षा योजना के तहत कक्षा 9वीं में 10 निर्धन कन्याओं को 12 वीं तक निःशुल्क शिक्षा।
Address:- Behind Tahsil Office, Near Sai Mandir, Pamgarh
Contact- 7987575832, 9439594679, 9753382283, 9977927492
WWW.DREAMVIDYA.COM EMAIL:- dreamvidya@gmail.com

78वें स्वतंत्रता दिवस पर जन-जन का अभिनंदन... जय हिन्द! जय तिरंगा!!
UNIQUE INSTITUTE OF PHARMACY & RESEARCH
(Approved by PCI, New Delhi, Affiliated to CSVTU, Bhilai)
DIPLOMA IN PHARMACY (D. PHARMA)
Duration- 2 years. Eligibility- 10+2(Bio+maths)
No Age limit. Scholarship Available for SC/ST/OBC student
ADMISSION OPEN FOR 2024-25
Vill. Pakariya(L) Akaltara Dist:- Janjgir-Champa(C.G.)
Contact- 8770933056, 9826687150 www.uniqegroupedu.in

78वें स्वतंत्रता दिवस पर जन-जन का अभिनंदन... जय हिन्द! जय तिरंगा!!
ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
(हिन्दी माध्यम नर्सरी से 12वीं सभी संकाय छत्तीसगढ़ बोर्ड)
प्रवेश प्रारंभ 37 वां वर्ष प्रवेश प्रारंभ
सुधिाएं :-
1. पूर्व अनुशासिन, नैतिक, चरित्रवान, संघर्ष व्यक्ति निर्माण हेतु तत्पर।
2. अरामदायक वैन एवं बस द्वारा नियमित एवं जवाबदार वाहन व्यवस्था।
3. कम्प्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला, संगीत, कला एवं नृत्य का विशेष प्रशिक्षण।
4. विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं की सी.सी.टी.वी. कैमरे द्वारा विशेष निगरानी।
5. हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं।
6. आवश्यकतानुसार विद्यालय के अतिरिक्त कक्षाएं व कोचिंग कक्षा का प्रबंध।
7. कम शुल्क में सर्वोत्तम शिक्षा एवं संस्कार।
नोट:- 31 जुलाई तक कुल शुल्क जमा करने पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त छूट।
* नियम एवं शर्तें लागू।
संपर्क:- लिंक रोड, जांजगीर (मो.-98265-52609, 98279-96782, 62632-53260)

78वें स्वतंत्रता दिवस पर जन-जन का अभिनंदन... जय हिन्द! जय तिरंगा!!
प्रवेश प्रारंभ ADMISSION OPEN प्रवेश शुल्क में 50% छूट LIMITED SEAT
GYANDEEP • GYANROSHNI
GYANDEEP HR.SEC. SCHOOL
• (English & Hindi Medium) • Nursery to 12th • English Medium • Agriculture • Maths • Commercs • Biology • Art • Home Science • Best Academic Environment • Best Faculty
ज्ञान रोशनी कॉलेज ऑफ फर्मेसी, जांजगीर B.Pharma D.Pharma B.Ed.
जांजगीर के बीच, हृदय स्थल में स्थित बस स्टैण्ड से 1.5 कि.मी. एवं नैला रेलवे स्टेशन से 2 कि.मी. तथा चांपा से 8 कि.मी. की दूरी पर स्थित
ज्ञान रोशनी बी.एड कॉलेज जांजगीर (कोड- 115311)
ज्ञानदीप बी.एड. कॉलेज जांजगीर (कोड- 115307)
विशेषता: प्रतिवर्ष मेरिट में स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ अन्य सभी शेष विद्यार्थी भी उच्च प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण।
नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को उनकी पिछली परीक्षा परिणाम के प्रतिशत के आधार पर प्रवेश शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।
संचालक डॉ. अखिलेश कटकवार
Ph.D(Education), M.Sc., M.A.(English) M.A.(Eco.), Med. LLB, D.C.P., P.G.D.C.A.
Mob.- 94252-30436, 70670-11100

78वें स्वतंत्रता दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...
जय हिन्द! जय तिरंगा!!
Happy Independence Day 15TH AUGUST
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा - बिर्रा जिला जांजगीर चाम्पा

78वें स्वतंत्रता दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...
प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI
Lachhanpur champa
Now in your city
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
+ Electrician : 10th Passed 2Year Course
+ Fitter : 10th Passed 2Year Course
+ Welder : 10th Passed 1Year Course
+ Diesel Mechanic : 10th Passed 1Year Course
NON-ENGINEERING COURSE
+ COPA : 10th Passed 1Year Course
+ Health senatory Inspector : 10th Passed 1Year Course
+ Steno Grapher (Hindi) : 10th Passed 1Year Course
अब आपका भविष्य आपके हाथ में और आपके जिले में
संपर्क यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा) जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)
मो. : 88719-11141, 97533-79677

78वें स्वतंत्रता दिवस पर जन-जन का अभिनंदन... एवं हार्दिक बधाई...
INDEPENDENCE DAY 15 AUGUST
शैलेन्द्र तिवारी
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा-सक्ती, जिला-सक्ती

78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई...

बीरबल कहरा - प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति केरा
जिला जांजगीर चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

शत्रुहन कटकवार - प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति पोड़ी शंकर
जिला जांजगीर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

शरद सिंह शाखा - प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैक बिलासपुर
अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

INDIA
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
शंकर साहू शाखा - प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक बिलासपुर
शाखा शिवरीनारायण जिला जांजगीर चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

डॉ. नरेश साहू - बी एम ओ
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नवागढ़
जिला : जांजगीर - चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

INDIA
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
लेख राम कश्यप - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति, घुठिया
जिला : जांजगीर - चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला : जांजगीर - चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

शिव पटेल - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति, तनोद
जिला : जांजगीर - चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

एस डी ओ
जल संसाधन बिर्रा
जिला : जांजगीर - चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

पुष्पेंद्र राठौर - प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, अमरूवा
जिला : जांजगीर - चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

शत्रुहन पटेल - प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति सोंठी
जिला : जांजगीर - चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

INDIA
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
योगेश साहू - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति कामरीद
जिला : जांजगीर - चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

शाखा प्रबधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा चाम्पा जिला : जांजगीर - चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

INDIA
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा बलौदा, जिला : जांजगीर - चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

नोडल अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
जिला : जांजगीर - चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

गौतम आदित्य - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति जर्वे (बलौदा)
जिला : जांजगीर - चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

ओमप्रकाश कश्यप - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति जावलपुर
जिला : जांजगीर - चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

पुष्कर साहू - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति सलखन
जिला : जांजगीर - चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

देवेंद्र द्विवेदी - शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा - नवागढ़, जिला : जांजगीर - चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

INDIA
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
सरवन कश्यप - प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति सिवनी
जिला : जांजगीर - चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

वनमंडलाधिकारी
वनमंडल चाम्पा
जिला : जांजगीर - चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

INDIA
15 AUGUST
INDEPENDENCE DAY
एस डी ओ
ग्रामीण यात्रिकी सेवा, उप संभाग अकलतरा
जिला : जांजगीर - चाम्पा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

अध्यक्ष / प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति झर्रा
जिला : जांजगीर - चाम्पा

15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं...

अध्यक्ष / प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति कोटगढ़
जिला : जांजगीर - चाम्पा

बालको से जुड़ी कृपा राठिया लाल किला समारोह में शामिल

मोर जल मोर माटी परियोजना से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी

बालकोनगर (दिव्य आकाश)।

बेला गांव निवासी श्रीमती कृपा राठिया लाल किला समारोह में शामिल होने के बाद गांव पहुंची और अपनों के बीच अपनी खुशी को बयां करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसएचजी महिलाओं की बात करके हमारे हौसलों को बढ़ाया। जहां चाह वहां राह कहावत को चरितार्थ करते हुए श्रीमती कृपा 78 वें स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई। जीवन में खुद की पहचान एवं आर्थिक चुनौतियों को मात देते हुए कृपा राठिया ने अपनी खुद की पहचान बनाई हैं।

हम सभी के लिए गर्व की बात की मिनिस्ट्री ऑफ माइंस की तरफ से देश भर से चुनिंदा औद्योगिक कंपनियों को ही बुलाया गया था। कार्यक्रम में शामिल होने वाली बालको छत्तीसगढ़ की एकमात्र कंपनी थी। देश भर के विभिन्न संस्थानों से 11 लोगों को इस समारोह में बुलाया गया, जिसमें बालको, छत्तीसगढ़ की ओर से श्रीमती कृपा को शामिल होने का अवसर मिला।

मजबूती से घर की जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए आगे बढ़ने के लिए बालको की परियोजना मोर जल मोर माटी से जुड़ी। 11 साल के बच्चे की मां श्रीमती कृपा ने सामुदायिक परियोजना से जुड़कर विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किये हैं। कई वर्षो में इन्होंने अपनी सफलता की कहानी को स्वयं आकार दिया है। सफल उद्यमी बनकर आज समुदाय की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी हैं। परियोजना की मदद से इन्होंने मुर्गी पालन का व्यवसाय शुरू किया, जिससे साल में 50 हजार की आमदनी होती है। इसके साथ ही अपनी मेहनत और लगन से कृषि क्षेत्र में भी उत्कृष्ट योगदान दे रही हैं। अपनी आर्थिक आत्मनिर्भरता की कहानी से इन्होंने विकसित भारत के सपने को साकार किया है, मिसाल पेश की है।

श्रीमती कृपा राठिया ने लाल किला समारोह की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को ध्वजारोहण करते देखकर मन आनन्दित हो गया। कार्यक्रम को व्यक्तिगत रूप से अनुभव करना तथा प्रधानमंत्री और पूरे मंत्रालय को आमने-सामने से देखना मेरे लिए सबसे सुखद और अविस्मरणीय पल था। उन्होंने कहा कि मैं इस अनुभव के लिए बालको को धन्यवाद कहना चाहूंगी कि उन्होंने मुझे इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अवसर पैदा किया। बालको की सामुदायिक परियोजना ने मुझे सशक्त बनाने के साथ हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि सरपंच ने पूरे गांव को बताया है कि वह दिल्ली गई हैं और उनके पूरे गांव से बधाई संदेशों की बाढ़ आ गई है।

लाल किला से प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ने वाली हमारी बहनों की संख्या 10 करोड़ तक पहुंच गई। उन्हीं में से एक श्रीमती कृपा राठिया स्वसहायता समूह से जुड़ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं। बालको की उन्नति परियोजना जीपीआर स्ट्रैटेजीज़ एंड सॉल्यूशंस (जीपीआरएसएस) के साथ साझेदारी में चल रही है। इस परियोजना से कोरबा के 45 शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 535 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 5751 महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों से लाभ मिल रहा है। परियोजना के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों के फेडरेशन विकास की दिशा में कार्य जारी है। महिलाओं को क्षमता निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, सूक्ष्म उद्यमों के प्रचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मोर जल मोर माटी परियोजना 32 गांवों में 1800 एकड़ से अधिक भूमि के साथ 4749 किसानों तक अपनी पहुंच बना चुका है। किसान आजीविका के लिए कृषि के साथ पशुपालन, बागवानी और वनोपज जैसी गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यों की मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल एवं स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, स्थायी आजीविका और पर्यावरण, संरक्षण में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है।

78 वां स्वतंत्रता दिवसः नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा में शान से लहराया तिरंगा

कोरबा/ मड़वारानी (दिव्य आकाश)।

कोरबा ग्रामीण क्षेत्र का सर्वोत्कृष्ट सीबीएसई विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा में भी 78 वें स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल प्रबंधन ने विद्यालय को अद्वितीय रूप से सजाया था। परिसर में आजादी के जश्न का अलग ही रूप दिखाई दे रहा था।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रामसिंह अग्रवाल ने राष्ट्रध्वज को फहराया। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम में सबसे पहले विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत गाया और उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकदीर्घा ने मनोरंजन भी किया। राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत गीतों ने सबके मन में राष्ट्रभाव जागृत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब कोरबा गुरूकूल के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने की। प्राचार्य दीपक जायसवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती एवं महापुरूषों के तैल्य चित्र पर पूजा अर्चना, माल्यार्पण कर की गई। प्राचार्य दीपक जायसवाल ने विद्यालय के बारे में संक्षिप्त जानकारी भी दी। ध्वजारोहण प्रातः 9.30 बजे किया गया। विद्यालय के चेयरमेन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने 15 अगस्त पर सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों, अभिभावकों एवं क्षेत्र के नागरिकों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

बालको ने टीबी रोग के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए चलाया जागरूकता अभियान

बालकोनगर (दिव्य आकाश)।

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने टीबी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला आरोग्य समिति (मास) और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) के सदस्यों के बीच जागरूकता को बढ़ाने के लिए किया गया। डॉ. जी.एस. जात्रा नोडल अधिकारी टीबी/एचआईवी कार्यक्रम, कोरबा के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। कंपनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दो बैचों में 100 से अधिक सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मास और वीएचएसएनसी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में टीबी रोग नियंत्रण और रोकथाम को लेकर उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना। कार्यक्रम की मदद से मास और वीएचएसएनसी सदस्यों की क्षमता बढ़ाने के साथ सदस्यों द्वारा एक कार्य योजना विकसित करना जिससे टीबी रोग की चुनौतियों का सामना किया जा सके। कंपनी ने टीबी जागरूकता अभियान के तहत स्थानीय स्वास्थ्य निकाय (मास और वीएचएसएनसी) के 45 फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के रूप में तैयार किया। टीबी मुक्त भविष्य के लिए टीबी जागरूकता, पहचान, कारण, संपर्क ट्रेसिंग और परीक्षण में सुधार आदि के बारे में 600 से अधिक सामुदायिक सदस्यों को जागरूक किया गया।

टीबी से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार और स्वास्थ्य सुधार में उचित पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक संतुलित आहार प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने, समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने और टीबी दवाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाने में मदद करता है। पोषणयुक्त आहार सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निक्षय मित्र पहल को लागू किया। इसके अंतर्गत कंपनी ने 56 गांवों के 22 टीबी रोगियों के आहार के लिए 6 महीने तक कर्मचारियों की स्वयंसेवा के माध्यम से वित्तीय सहायता दी गई। सहायता प्राप्त 90 प्रतिशत लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ तथा उपचाराधीन बाकी रोगियों के ठीक होने की संभावना सकारात्मक है।

डॉ. जी.एस. जात्रा नोडल अधिकारी ने बालको मितान भवन में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मास और वीएचएसएनसी के सदस्य समुदाय में टीबी रोग नियंत्रण और रोकथाम पर चर्चा करके जागरूकता बढ़ाने का कार्य करें। प्रशिक्षण में मिली जानकारी से सदस्य समुदाय में टीबी रोग पर फैली भ्रांतियों को दूर करने का काम करें। इस तरह के कार्यक्रम कंपनी द्वारा समुदाय के स्वास्थ्य एवं भलाई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बीते वित्तवर्ष 600 से अधिक सामुदायिक सदस्यों को टीबी रोग की समस्या के बारे में जागरूक किया। बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। आरोग्य परियोजना के उपचारात्मक सेवाओं के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 49000 व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ मिला है। कंपनी समुदायों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। कंपनी हर 15 दिनों में दो मोबाइल स्वास्थ्य वैन भी संचालित करती है। ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट, एचआईवी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियानों के माध्यम से समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करती है।

बालको क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने प्रतिबद्ध- राजेश

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम से समुदाय में टीबी रोग की पहचान कर उनका करने में आसानी होगी। समुदाय के स्वास्थ्य देखभाल को सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाना है और इसके साथ दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और समुदाय के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

बालको ने 'विकसित भारत' विजन के साथ मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

बालकोनगर (दिव्य आकाश)। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कर्मचारियों एव बिजनेस पार्टनर की उपस्थिति में 78वां स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने प्रशासनिक भवन परिसर में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राष्ट्रगान के उपरांत उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए 'विकसित भारत' के विजन के प्रति बालको की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। बालको प्रबंधन ने समारोह में राष्ट्र निर्माण में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया।

भारत की विकास गाथा में कंपनी के योगदान के पर बोलते हुए राजेश कुमार ने कहा कि हम 78वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहे हैं। करीब छह दशकों से बालको देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमारी यात्रा में ऐसे मील के पत्थर शामिल हैं जो प्रचालन उत्कृष्टता और सतत् विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। विस्तार परियोजना के माध्यम से बालको वैश्विक 'वन मिलियन टन क्लब' में शामिल होने और देश को दुनिया की एल्यूमिनियम राजधानी के तौर पर स्थापित करने के लिए तैयार है। विकसित भारत के लिए कंपनी के हमारे कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने के लिए कटिबद्ध हैं। हम प्रचालन उत्कृष्टता, नवाचार का उपयोग, सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को आगे बढ़ाकर एल्यूमिनियम उद्योग को मजबूत कर रहे हैं। हम अपने इन्हीं प्रयासों से भावी पीढ़ी के लिए एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर रहे हैं।

अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरण कर सीईओ ने सभी का हालचाल जाना

कार्यक्रम में एक विशेष स्वतंत्रता दिवस वीडियो को प्रदर्शित किया जिसमें विकसित भारत थीम के साथ बालको के प्रयासों को दिखाया गया। वीडियो में बालको की व्यावसायिक प्रथाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में इसके योगदान के प्रयासों को दर्शाया गया है। सामुदायिक जुड़ाव की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राजेश एवं कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बालको अस्पताल के मरीजों को फल वितरित किया। सीईओ ने व्यक्तिगत रूप से सभी का हालचाल पूछा और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। राजेश सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने की दिशा में निस्वार्थ समर्पण के लिए बालको अस्पताल के चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों के प्रति आभार और प्रशंसा व्यक्त की। भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान का जश्न मनाते हुए बालको परिवार के सदस्यों ने अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाने के उत्सव में बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। अभियान का हिस्सा बनकर सभी ने अपनी देशभक्ति की भावना और राष्ट्र के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया। बालको का स्वतंत्रता दिवस समारोह लोकतंत्र और राष्ट्रीय विकास के सिद्धांतों के प्रति कंपनी के समर्पण का एक प्रदर्शन था जिसमें 'विकसित भारत' की यात्रा में योगदान देने की झलक दिखाई दी।

15 अगस्त
स्वतंत्रता
समारो

सीईओ राजेश कुमार ने कहा- विस्तार परियोजना के माध्यम से बालको वैश्विक 'वन मिलियन टन क्लब' में शामिल होने और देश को दुनिया की एल्यूमिनियम राजधानी के तौर पर स्थापित करने के लिए तैयार है

भारत की विकास गाथा में बालको के योगदान के पर बोलते हुए राजेश कुमार ने कहा कि हम 78वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहे हैं। करीब छह दशकों से बालको देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमारी यात्रा में ऐसे मील के पत्थर शामिल हैं जो प्रचालन उत्कृष्टता और सतत् विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। विस्तार परियोजना के माध्यम से बालको वैश्विक 'वन मिलियन टन क्लब' में शामिल होने और देश को दुनिया की एल्यूमिनियम राजधानी के तौर पर स्थापित करने के लिए तैयार है। विकसित भारत के लिए कंपनी के हमारे कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने के लिए कटिबद्ध हैं। हम प्रचालन उत्कृष्टता, नवाचार का उपयोग, सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को आगे बढ़ाकर एल्यूमिनियम उद्योग को मजबूत कर रहे हैं। हम अपने इन्हीं प्रयासों से भावी पीढ़ी के लिए एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर रहे हैं।

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com